सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 24 फाल्गुन, 1939 (श0) / 15 मार्च, 2018 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 03**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 01 |
| (2) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 01 |
| (3) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 03 |

कार्रवाई करना

21. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में बड़े पैमाने पर लकड़ी की कुन्नी में रंग और केमिकल मिलाकर खाने का मसाला तैयार किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाजार में बिक रही हल्दी, धनियाँ, मिर्चा, गोलमिर्च वो गरम मसाले के पाउडर में रंग एवं केमिकल का जबर्दस्त मिलावट किया जा रहा है तथा काला नमक वो सेंधा नमक के पाउडर में स्टोन पाउडर मिलाकर खुदरा बाजार के अलावे ब्रांडेड कम्पनी की पैकिंग डिब्बों की नकल कर भी मिलावटी मसालों का खेप बाजार में धड़ल्ले से भेजी जा रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त मिलावटों के कारण आम लोगों की जान पर होने वाली खतरा को दूर करने एवं ऐसे धंधे करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

औचित्य बतलाना

22. श्री राघव शरण पाण्डेय--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 जनवरी, 2018 को छपी शीर्षक ''स्वच्छता में बिहार महज 36 फीसद पर ही अटका'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने अक्टूबर, 2019 तक सभी घरों में शौचालय बनाने का लक्ष्य रखा है परन्तु वर्तमान में केवल 36 प्रतिशत घरों में ही शौचालय बन पाये हैं जो राष्ट्रीय औसत के आधे से भी कम है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

समस्या का समाधान

23. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में Unservey Land/टोपो लैण्ड भूमि का रजिस्ट्री तथा अधिग्रहण सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के अधिकांश Unservey Land/टोपो लैण्ड पर स्थानीय किसानों का स्वामित्व है तथा उनके नाम से रसीद भी कटती है तथा किसान परेशान हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि रजिस्ट्री बंद होने तथा सरकारी योजनाओं हेतु उक्त भूमि के अधिग्रहण नहीं होने के कारण कई योजनाओं पर ग्रहण लग गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के सभी Unservey Land/टोपो लैण्ड की समस्या के समाधान हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

--------

पटना :
दिनांक 15 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 116-डी0टी0पी0-550